उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति


दिनांक- 06.09.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फरियादियों को आश्वस्त करते हुए सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश...

आज दिनांक 06.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया, जिससे फरियादियों के चेहरे में सम्बन्धित शिकायत के जल्द निस्तारण होने की उम्मीद दिखाई दे रही थी। सभी फरियादियों ने आश्वस्त होकर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की है।






## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने जानलेवा हमला कर गम्भीर चोट पहुचाने वाले वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

आज दिनांक 06.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक प्रवृत्ति के अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री गणेश कुमार गठित की गई द्वारा उ0नि0 रामकृष्ण तिवारी मय हमराही का0 चन्दन पांचाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन, रात्रि गस्त में भ्रमण के दौरान थाना चरखारी में पंजीकृत मु0अ0सं0 161/24 धारा 352/109/117(2) BNS के वांछित अभियुक्त रुप सिंह उर्फ गुड्डा पुत्र रामपाल यादव नि0 अकठौहा थाना चरखारी जनपद महोबा को थाना क्षेत्र के सूपा चौराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित कर सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 रामकृष्ण तिवारी
2. का0 चन्दन पांचाल थाना चरखारी जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

रुप सिंह उर्फ गुड्डा पुत्र रामपाल यादव नि0 अकठौहा थाना चरखारी जनपद महोबा



## "मूक बच्चे की आवाज बनी महोबा पुलिस"

## घर से दूर चले आये बच्चे को उसके परिवारजनों से मिलाया, परिवार में लौटी खुशियां...।


पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित डायल 112 पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल आपात सहायता उपलब्ध कराई जाती है व इसी दौरान विभिन्न सराहनीय कार्यों का सम्पादन पूर्ण मनोयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया जाता है।

इसी क्रम में दिनांक 05.09.2024 को समय रात्रि करीब 22.32 बजे थाना कोतवाली नगर महोबा में संचालित पीआरवी 5821 को इवेन्ट के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि झलकारी बाई तिराहे के पास एक बच्चा मिला है जो गूंगा है, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक प्रतीत नहीं हो रही है। इस सूचना पर पीआरवी वाहन 5821 तत्काल मौके पर गयी, इस दौरान डायल 112 में कॉल कर सूचित करने वाले कॉलर राज जी ने बच्चे को पीआरवी के सुपुर्द किया।

पीआरवी कर्मियों ने आस पास के लोगो से पता किया, इसी पूछताछ के क्रम में अथक प्रयास करते हुए गुमशुदा बच्चे को सुभाष चौकी थाना कोतवाली के पास लाकर भी बच्चे के परिजनों के बारे में जानकारी की गई, इस दौरान जानाकरी प्राप्त हुई कि ये लड़का माया डीजे के घर का है, इस पर बताए गए पते पर जाकर उसके परिवारी जनों को समझाया गया व बच्चे को परिवार वालो को सुपुर्द किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने पीआरवी कर्मियों व यूपी 112 परियोजना की भूरी भूरी प्रशंसा की है।

**पीआरवी स्टाफ- पीआरवी 5821**

कमाण्डर– कां0 नीलकमल राय, सब कमांडर- कां0 हिमांशु, पायलट- हो0गा0 सुरेंद्र कुमार



## एक मां जैसा प्यार-दुलार, चाहे दिन हो या रात, शहर हो या देहात, बुजुर्ग हो या नवजात...

## महोबा पुलिस है सबके साथ...।

जनपद महोबा की पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन एवं नेतृत्व में जनपदवासियों को उनकी त्वरित सहायता प्रदान कर उनकी सुरक्षा करते हुए हर सम्भव मदद किये जाने के लिये जनपद महोबा पुलिस सदैव तत्पर रहती है।

ऐसा ही एक प्रकरण संज्ञान में आया है जहां थाना कुलपहाड़ प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के कस्बा बड़ापुरा के निवासी ने काल कर सूचित किया कि एक अज्ञात नवजात शिशु बड़ी माता मंदिर के पास बड़ापुरा कस्बा थाना कुलपहाड़ में एक कपड़े में लिपटा पड़ा हुआ है, कृपया उचित कार्यवाही करें।

इस सूचना पर तत्काल थाना कुलपहाड़ में तैनात उ0नि0 दिनेश तिवारी और हेड कांस्टेबल सुमित कुमार को मौके पर भेजा गया, पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए नवजात बच्चे को लेकर नजदीकी सीएचसी कुलपहाड़ में एडमिट कराया, जिससे नवजात बच्चे की जान बचायी जा सकी है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने बच्चों की देखरेख करने वाली संस्था चाइल्ड केयर हेल्पलाइन 1098 में कॉल कर इसकी सूचना दी, जिससे चाइल्ड हेल्पलाइन की परामर्शदात्री सीमा यादव सीएससी कुलपहाड़ में आयी। पुलिस टीम ने नियमानुसार बच्चे को सकुशल व स्वस्थ अवस्था में उनके सुपुर्द किया एवं एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल महोबा के लिए भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा बच्चे के जैविक माता-पिता की जानकारी करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से नवजात बच्चे की जान बचायी जा सकी है, स्थानीय लोगों ने जनपद महोबा पुलिस की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है।





## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में पुलिस थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपाय के संबंध में जागरूक किया गया।

उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज -4) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 06.09.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो /शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में शुरुआत की गई है । अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना/ पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु "शक्ति दीदी" नियमित रुप से ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही संवाद स्थापित कर उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया व कराया जा रहा है।

जनचौपाल में उपस्थित महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) फेज़-4 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया । साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं मे उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,फ्री सिलाई मशीन योजना,सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये त्वरित कार्यवाही की जायेगी।

